# Jharkhand Council of Educational Research and Training, Ranchi

## झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

# (MODEL QUESTION PAPER)

## सत्र: 2025-26

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कक्षा -10** | **विषय-हिन्दी 'ए'** | **पूर्णांक- 80** | **समय-3 घंटे** |

**निर्देश :**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें। पुस्तिका में **11** मुद्रित पृष्ठ है **।**
2. इस प्रश्न पत्र में चार **खण्ड - क , ख , ग ,** एवं **घ** है। कुल प्रश्नों की संख्या **52** है।
3. **खण्ड क** में कुल **30** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं, इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए। प्रत्येक प्रश्न का **मान 1 अंक** निर्धारित है।
4. **खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **31 - 38** अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्ही छह प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का **मान 2 अंक** निर्धारित है।
5. **खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **39 - 46** लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्ही छह प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का **मान 3 अंक** निर्धारित है।
6. **खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **47 - 52** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का मान **5 अंक** निर्धारित है।

## (खण्ड - क)

## अपठित बोध

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें-**

पुस्तकें मनुष्य की सबसे अच्छी मित्र होती हैं। वे हमें ज्ञान, प्रेरणा और मनोरंजन प्रदान करती हैं। पढ़ने की आदत न केवल हमारी शब्द–संपदा को बढ़ाती है, बल्कि हमारी सोच को भी गहराई देती है।आज के डिजिटल युग में लोग मोबाइल और कंप्यूटर पर अधिक समय बिताने लगे हैं, जिससे पढ़ने की आदत धीरे-धीरे कम हो रही है।यदि हम प्रतिदिन थोड़ा समय पुस्तकों के साथ बिताएँ तो यह हमारी मानसिक क्षमता को बढ़ाने में मदद करेगा और हमें जीवन में सही निर्णय लेने की क्षमता भी प्रदान करेगा।पढ़ने से हमारी कल्पनाशक्ति का विकास होता है और हम नए विचारों को अपनाने के लिए तैयार रहते हैं।

1.पुस्तकों को मनुष्य का सबसे अच्छा मित्र क्यों कहा गया है?

(क) वे हमें धन देती हैं (ख) वे हमें ज्ञान, प्रेरणा और मनोरंजन देती हैं

(ग) वे यात्रा में साथ रहती हैं (घ) वे हमें खेल सिखाती हैं

2.डिजिटल युग में पढ़ने की आदत कम होने का एक कारण क्या है?

(क) लोग मनोरंजन के लिए केवल अख़बार पढ़ना पसंद करते हैं।

(ख) लोग अपना अधिकतर समय मोबाइल और कंप्यूटर पर बिताने लगे हैं।

(ग) पुस्तकालय जाने में लोगों को रुचि नहीं रही।

(घ) लोग केवल परीक्षा के समय पढ़ने की आदत रखते हैं।

3. प्रतिदिन पुस्तकों के साथ समय बिताने से क्या लाभ होता है?

(क) मानसिक क्षमता का विकास होता है और निर्णय लेने की योग्यता बढ़ती है।

(ख) मोबाइल के उपयोग में और निपुणता आती है।

(ग) केवल कल्पनाशक्ति कम होती है।

(घ) जीवन में असमंजस की स्थिति बढ़ जाती है।

4. "ज्ञान" शब्द का पर्यायवाची गद्यांश के अनुसार कौन-सा है?

(क) पुस्तक (ख) खेल

(ग) तकनीक (घ) शिक्षा

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें-**

पर्वत कहता शीश उठाकर,
तुम भी ऊँचे बन जाओ।
सागर कहता है लहराकर,
मन में गहराई लाओ।

समझ रहे हो क्या कहती हैं
उठ–उठ गिर–गिर तरल तरंग
भर लो भर लो अपने दिल में
मीठी मीठी मृदुल उमंग!

पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो
कितना ही हो सिर पर भार,
नभ कहता है फैलो इतना
ढक लो तुम सारा संसार!

5. कविता "प्रकृति संदेश" में 'सागर' से कवि हमें क्या सीख लेने को कहते हैं?

(क) साहस और दृढ़ता (ख) मन में गहराई लाना

(ग) ऊँचे लक्ष्य बनाना (घ) संसार को ढक लेना

6. कविता में पर्वत का संदेश क्या है?

(क) धैर्य रखना (ख) मन को शांत रखना

(ग) ऊँचाई और महानता पाना (घ) गहराई अपनाना

7."सागर कहता है लहराकर" — यहाँ सागर किस गुण को अपनाने का संकेत देता है?

(क) धैर्य (ख) गहराई

(ग) फैलाव (घ) साहस

8. "उठ-उठ गिर-गिर तरल तरंग" किस जीवन-स्थितियों का प्रतीक है?

(क) आनंद और उत्साह (ख) धैर्य और स्थिरता

(ग) गहराई और फैलाव (घ) कठिनाइयाँ और सफलताएँ

**(व्याकरण)**

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए-**

9. यदि तुम मन लगाकर पढ़ोगे तो परीक्षा में अवश्य सफल होगे।" यह वाक्य है-

(क)सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य (घ) विस्मयादिबोधक वाक्य

10. "मोहन पढ़ाई करता है और सोहन खेलों में अच्छा है।" – यह वाक्य है :

(क) सरल वाक्य (ख) विस्मयादिबोधक वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य (घ) संयुक्त वाक्य

11. "फल खाया जा रहा है।" यह किस वाच्य का उदाहरण है?

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) विधिवाच्य

12. "आकाश में बादल छाए हुए हैं।" – इसमें "बादल" कौन-सा पद है?

(क) क्रिया (ख) संज्ञा

(ग) सर्वनाम (घ) अव्यय

13. "उसकी आवाज़ बिजली की तरह गूँज रही थी।" – यह कौन-सा अलंकार है?

(क) उत्प्रेक्षा (ख) श्लेष

(ग) अतिशयोक्ति (घ) मानवीकरण

14. 'त्रिलोक' किस प्रकार का समास है?

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

15. ई-मेल लेखन किससे संबंधित है?

(क) आधुनिक संचार माध्यम (ख) पारंपरिक संचार माध्यम

(ग) मौखिक संचार (घ) टेलीफोन संदेश

16.) "पढ़ाई जीवन को उज्ज्वल बनाती है।" इसमें कौन-सा अलंकार है?

(क) मानवीकरण (ख) उत्प्रेक्षा

(ग) श्लेष (घ) अतिशयोक्ति

## पाठ्यपुस्तक

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर का चयन करें-**

यूमथांग पहुँचने के लिए हमें रात भर लायुंग में पड़ाव लेना था। गगनचुंबी पहाड़ों के तल में साँस लेती एक नन्हीं सी शांत बस्ती लायुंग। सारी दौड़-धूप से दूर जिंदगी जहाँ निश्चित सो रही थी। उसी लायुंग में हम ठहरे थे। तिस्ता नदी के तीर पर बसे लकड़ी के एक छोटे-से घर में। मुँह-हाथ धोकर मैं तुरंत ही तिस्ता नदी के किनारे बिखरे पत्थरों पर बैठ गई थी। सामने बहुत ऊपर से बहता झरना नीचे कल-कल बहती तिस्ता में मिल रहा था। मद्धिम-मद्धिम हवा बह रही थी। पेड़-पौधे झूम रहे थे। गहरे बादलों की परत ने चाँद को ढक रखा था... बाहर परिंदे और लोग अपने घरों को लौट रहे थे। वातावरण में अद्भुत शांति थी। मंदिर की घटियों-सी... घुंघरुओं की रुनझुनाहट-सी। आँखें अनायास भर आईं।

17. लायुंग किस प्रकार की बस्ती बताई गई है?

(क) भीड़-भाड़ वाली (ख) शांत और नन्हीं

(ग) औद्योगिक (घ) आधुनिक

18. उपर्युक्त गद्यांश में वातावरण की शांति की तुलना किससे की गई है?

(क) शंखध्वनि से

(ख) बाजे की धुन से

(ग) मंदिर की घंटियों और घुंघरुओं की रुनझुनाहट से

(घ) समुद्र की लहरों से

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर का चयन करें-**

तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात...

छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,
पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण

19. मृतक में भी डाल देगी जान, का क्या अर्थ है?

(क) मरे हुए को जिंदा कर देना (ख) हारे हुए को जीता देना

(ग) हताश और निराश व्यक्ति में खुशी ला देना (घ) माँ-बाप का काम आसान कर देना

20. "धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात" पंक्ति में "गात" का अर्थ है—

(क) वस्त्र (ख) शरीर

(ग) खेत (घ) खेल

,

**निर्देश: निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें-**

21. भोलानाथ किसको देख कर सिसकना भूल जाते थे?

(क) अपनी माता को (ख) अपने पिता को

(ग) खेल के साथियों को (घ) अपने भाइयों को

22. उद्धव कृष्ण का कौन सा संदेश लेकर आए थे?

(क) प्रेम संदेश (ख) अनुराग

(ग) योग संदेश (घ) इनमें से कोई नहीं

23. "राम-लक्ष्मण-परशुराम" संवाद में किस रस की प्रमुखता है?

(क) हास्य रस (ख) करुण रस

(ग) शांत रस (घ) वीर रस

24. 'उत्साह' कविता में कवि ने बादल की तुलना किससे की है?

(क) धरती से (ख) आकाश से

(ग) कवि से (घ) इनमें से कोई नहीं

25. "यह दंतुरित मुस्कान" कविता के कवि कौन है?

(क) नागार्जुन (ख) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(ग) महादेवी वर्मा (घ) गिरिजाकुमार माथुर

26. जितने नार्गे की जीप में किसकी तस्वीर लगी हुई थी?

(क) महात्मा गाँधी (ख) दलाई लामा

(ग) महात्मा बुद्ध (घ) महावीर

27. फसल किसका गुणधर्म है?

(क) हाथ का (ख) पानी का

(ग) किसान का (घ) मिट्टी का

28. संगतकार का क्या अर्थ होता है?

(क) मुख्य गायक (ख) मुख्य गायक का साथ देने वाले गायक

(ग) गीतकार (घ) संगीतकार

29. मन्नू भंडारी की हिंदी प्राध्यापिका का क्या नाम था?

(क) शीला अग्रवाल (ख) मनीषा यादव

(ग) शालिनी गुप्ता (घ) ज्योति गोयल

30. हालदार साहब और चश्मेवाले में क्या समानता है?

(क) दोनों चश्मा बेचते थे (ख) दोनों देशभक्त थे

(ग) पानवाला दोनों का मजाक बनाता था (घ) इनमें से कोई नहीं

# वर्णात्मक प्रश्न

## (खण्ड – ख)

## (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

31. गोपियों ने उद्धव को योग की शिक्षा कैसे लोगों को देने की बात कही है?

32. पाठ 'नेताजी का चश्मा' में मूर्ति के निर्माता का क्या नाम था?

33. लेखिका ने युमथांग की यात्रा के दौरान कौन-कौन से वृक्ष देखे?

34. कवि बादल को गरज कर बरसने के लिए क्यों कह रहा है?

35. नवाबी नस्ल के व्यक्ति ने लेखक को क्या देने की पेशकश की थी?

36. बचपन के दिनों में बिस्मिल्ला ख़ाँ शहनाई का रियाज करने कहाँ जाते थे?

37. 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखिका की दो साल बड़ी बहन का क्या नाम था?"

38. गीत के अंतरे से भटकने वाले गायक को कौन संभालता है?

## (खण्ड – ग)

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

39. माता का अंचल पाठ में बैजू और बच्चों ने किसे तथा क्यों चिढ़ाया? उसका क्या परिणाम हुआ?

40. लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएं बताई?

41. पानवाले और हालदार साहब की सोच में क्या अंतर था ? स्पष्ट करें।

42.कवि की आँख फागुन की सुंदरता से क्यों नहीं हट रही है?

43. झिलमिलाते सितारों की रोशनी में नहाया गंतोक लेखिका को किस तरह सम्मोहित कर रहा था?

44. लखनवी अंदाज पाठ में लेखक ने मुख्यतः किस पर व्यंग्य किया है ?

45. लेखक ने अपने आपको 'हिरोशिमा के विस्फोटक  का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया?

46. संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अलावा और किन-किन क्षेत्रों में दिखाई देते हैं?

## (खण्ड – घ)

## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

47. आपके क्षेत्र में बार-बार बिजली कटती है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इस समस्या के समाधान हेतु विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को एक आवेदन पत्र लिखिए।

48. बालगोबिन भगत के व्यक्तित्व और उनकी वेशभूषा का अपने शब्दों में चित्र प्रस्तुत कीजिए?

49. आत्मकथ्य कविता के माध्यम से प्रसाद जी के व्यक्तित्व की जो झलक मिलती है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

50. मन्नू भंडारी ने अपनी माँ के किन गुणों की चर्चा अपनी आत्मकथा में कई है ?

51. दिए  गए संकेत बिंदुओं के आधार निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबंध लिखिए :-

(क) पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता:

संकेत बिंदु - प्रस्तावना, प्रदूषण की समस्या, वृक्षारोपण का महत्व, जल संरक्षण, जन-जागरूकता, निष्कर्ष।

(ख) डिजिटल शिक्षा का महत्व:

संकेत बिंदु – प्रस्तावना, ऑनलाइन शिक्षा की उपयोगिता, लाभ व चुनौतियाँ, भविष्य की शिक्षा व्यवस्था, निष्कर्ष।

52. किसी एक का भाव स्प्ष्ट करें:-

(क)

लखन कहा हसि हमरे जाना।
सुनहु देव सब धनुष समाना।।
का छति लाभु जून धनु तोरें।
देखा राम नयन के भोरें।।

(ख)

विकल विकल, उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकल जन,
आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन!
तप्त धरा, जल से फिर
शीतल कर दो-
बदल, गरजो!

# उत्तर कुंजी

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ख | 11 | ख | 21 | ग |
| 2 | ख | 12 | ख | 22 | ग |
| 3 | क | 13 | क | 23 | घ |
| 4 | घ | 14 | ग | 24 | क |
| 5 | ख | 15 | क | 25 | क |
| 6 | ग | 16 | क | 26 | ख |
| 7 | ख | 17 | ख | 27 | घ |
| 8 | घ | 18 | ग | 28 | ख |
| 9 | ग | 19 | ग | 29 | क |
| 10 | घ | 20 | ख | 30 | ख |